भाजपा ने नववर्ष पर बांटे भगवा ध्वज, दी शुभकामनायें

भाजपा ने कोटा उत्तर विधानसभा वार्ड 3 में किया जनसम्पर्क

कोटा, 11 अप्रैल। भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य व पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, महापौर राजीव अग्रवाल, जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौडा, वरिष्ठ नेता नरोत्तम शर्मा, पूर्व पार्षद लल्ली गौतम, संदीप भाटिया, पार्षद दिलिप अरोडा, आरती शाक्यवाल, अजय सुमन, नवीन माथुर, तरूण नागर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिपटा पाटनपोल क्षैत्र में जनसम्पर्क कर, भारतीय जनता पार्टी के कोटा बूंदी लोकसभा प्रत्याशी ओम बिरला के पक्ष में वोट करने के लिये आग्रह किया।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने जनसम्पर्क के दौरान आमजन से कहा कि कांग्रेस पार्टी उनका साथ देती है जो सनातन का अपमान करते है। कांग्रेस के पास नातो मजबूत शिर्ष नेतृत्व हैं नाहीं प्रधानमंत्री के लिये मजबूत नेता। कांग्रेस पार्टी सहित विपक्षी दलों ने ऐसा गठबंधन बनाया है जिनका आपस में कोई मेलजोल नहीं। किसी भी तरह से सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लियें मजबूरी में गठजोड कर खडे है। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की बुधवार को टिपटा स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में पं0 दीनदयालय उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कोटा उत्तर विधानसभा, रामपुरा मण्डल के वार्ड 3 में टिपटा, सरायकायस्थान, पाटनपोल क्षैत्र में जनसम्पर्क कर भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय उम्मीदवार ओम बिरला के पक्ष में वोट करने के लिये आग्रह किया।

हिंदू नववर्ष नवसंवत्सर 2081 के शुभ अवसर पर घर-घर जाकर आमजन को भगवा ध्वज दिया एवं हिंदू नववर्ष की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर तेजकरण अंची, दिपक जैन, राहुल मकवाना, रामदयाल शाक्यवाल, भरत शाक्यवाल, गिर्राज माथुर, मनीष टोनी शर्मा, शिव गौतम, निंबल भारद्वाज, अंतिम वैष्णव, संदीप राजानी, दिलिप सोनी, अमित पारिक, गोपाल कृष्ण सोनी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

कोटा रेल मंडल में विश्व होमियोपैथी दिवस मनाया गया

कोटा, 11 अप्रैल। मंडल रेल चिकित्सालय कोटा के तत्वाधान में दिनांक 10 अप्रैल को विश्व होमियोपैथी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपूर्णा सेन रोय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में किया गया। संगोष्ठी के अन्तर्गत मुख्य वक्ता डॉ. रूद्रनारायण भारद्वाज ने बताया की होमियोपैथी का जन्म जर्मनी में हुआ इसकी खोज डॉ. सैमुअल हैनिमॅन ने 1796 में की अत: उनके जन्मदिन 10 अप्रैल को विश्व होमियोपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

डॉ. रूद्रनारायण भारद्वाज ने बताया की होमियोपैथी में सर्जरी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यह माना जाता है कि शरीर में बिमारियों को ठीक करने की क्षमता होती है और होमियोपैथी दवाएं इस क्षमता को उत्तेजित करने में मदद करती है। इसके अलावा होमियोपैथी में प्रत्येक रोगी को व्यक्तिगत लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। क्योकि ये प्रभावी चिकित्सकीय पद्धति है इसमे कई बीमारियों का इलाज किया जा सकता है जिसमें एलर्जी, अस्थमा, गठिया, त्वचा रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ शामिल है। इसी क्रम में डॉ. सुषमा भटनागर / ए.सी.एम.एस. ने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को होमियोपैथी से इलाज करवाने हेतु प्रेरित किया।

संभागीय आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

स्थैतिक निगरानी दल और फ्लाइंग स्कवॉयड को चौकस ढंग से निगरानी के निर्देश

धौलपुर, 11 अप्रैल। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सम्भागीय आयुक्त ने बुधवार को बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र दरवेशा, सिहौली, खिडौरा, बसेड़ी कस्बे में महिला मतदान केंद्र, बाड़ी के बिजौली, खानपुर मीणा तथा बाड़ी महिला मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र पर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली।उन्होंने मतदान केन्द्र पर आधारभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, रैम्प, गेट, बाउंड्री वॉल सहित सभी व्यवस्था करवाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से मतदान के बारे में बात की एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि सभी लोग अपना मत बिना किसी भय अथवा परेशानी के दे सकें। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बुजुर्ग मतदाता मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए सक्षम एप के जरिए सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

स्थैतिक निगरानी दल और फ्लाइंग स्क्वॉड दल का निरीक्षण: सम्भागीय आयुक्त ने लोकसभा आम चुनाव, 2024 को दृष्टिगत रखते हुए बसेड़ी तथा बाड़ी विधानसभा के सिहौली, लखुआ का अड्डा, गजपुरा पर स्थित स्थैतिक निगरानी दल चेक पोस्ट का निरीक्षण किया साथ ही फ्लाइंग स्क्वॉड दल बाड़ी, बिजौली का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संधारित जांच रजिस्टरों को निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन की दृष्टि से अवैध सामग्रियों के सीजर इत्यादि पर चैक पोस्ट पर तैनात कार्मिकों को सख्त जांच के निर्देश दिये।

संभागीय आयुक्त ने दिये ईवीएम कमीशनिंग में सतर्कता बरतने के निर्देश

धौलपुर, 11 अप्रैल। लोकसभा आम चुनाव के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज धौलपुर में ईवीएम कमीशनिंग का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बुधवार को सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने ईवीएम कमीशनिंग स्थल का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम कमीशनिंग का कार्य कर रहे कार्मिकों को विशेष सतर्कता बरते जाने हेतु निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग की जाती है। कमीशनिंग के दौरान ईवीएम में बैलेट पेपर लगाया जाता है। कन्ट्रोल यूनिट में पिंक पेपर सील लगाई जाती है।

सात दिन बिखरेंगे सात रंग, मतदाता जागरूकता अभियान में बिखरेंगे नए रंग

धौलपुर, 11 अप्रेल। लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार धौलपुर जिला मतदाता जागरूकता अभियान प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सात दिन बिखरेंगे सात रंग, मतलब गांव-ढाणी और कस्बों से लेकर कच्ची बस्तियों तक में आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अलग-अलग तरह की गतिविधियां आयोजित होंगी। इस सप्ताह को नाम दिया गया है सतरंगी सप्ताह। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में विशेष थीम आधारित सतरंगी सप्ताह की शुरुआत की गई। सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीना ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के प्रथम दिवस को ट्रांस जेंडर समुदाय को फोकस कर गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर मदीना कॉलोनी में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया तथा ट्रांसजेंडर के साथ साथ सभी उपस्थित मतदाताओं को मताधिकार का संबंध में व्यापक जानकारी देते हुए 12 वैकल्पिक दस्तावेज की जानकारी दी गयी साथ ही मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा हाउसिंग बोर्ड स्थित गाड़िया लुहार की स्थायी बस्ती में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यहां स्थानीय समुदाय की महिलाओं ने लोकनृत्य कर हम भी नाचेंगे, गाएंगे वोट डालकर आएंगे का संदेश दिया।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान दिवस से एक सप्ताह पूर्व वोटर्स टर्नआउट बढ़ाने के लिए किए जाने वाले मेगा इंवेंट की पूरी कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके अनुसार सात दिवसीय गतिविधियां आयोजित होंगी जिसमें मुख्य रूप से न्यूनतम मतदान केन्द्रों वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सतरंगी सप्ताह का हर दिन मतदाताओं की अलग-अलग कैटेगरी पर केन्द्रित रहेगा। पहला दिन घूमन्तु जातियों एवं ट्रांसजेंडर मतदाता समूह, दूसरा दिन श्रमिक वर्ग, तीसरा दिन सर्विस वोटर्स, चौथा दिन दिव्यांग मतदाता, पांचवां दिन युवाओं, छठा दिन महिला मतदाता तथा सप्ताह के सातवें दिन की गतिविधि एथिकल एंड इनफॉर्म्ड वोटिंग पर केन्द्रित रहेगी।

हर दिन होगा अलग रंग, अलग गतिविधि, अलग नारा: लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर 10 से 16 अप्रेल तक संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हर दिन अलग गतिविधि होगी और हर दिन का विशेष नारा होगा। पहले दिन 10 अप्रैल, बुधवार को हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे थीम पर लोकनृत्य की प्रस्तुति हुई, जिसकी थीम का रंग बैंगनी रखा गया।इसी प्रकार सतरंगी सप्ताह के दूसरे दिन अंगुली पर निशान राष्ट्र के नाम थीम पर म्यूजिकल बैंड और मतदाता शपथ की गतिविधि होगी। इस थीम का रंग जामुनी होगा।

सप्ताह के तीसरे दिन की गतिविधि पैदल चाल और मैराथन रखी गई है जिसका थीम कलर नीला और नारा कर्तव्य पथ पर राष्ट्रहित में रहेगा। इसी प्रकार चौथे दिन की गतिविधि ट्राईसाइकिल रैली रहेगी जिसका थीम कलर हरा और नारा हम भी सक्षम राष्ट्र भी सक्षम होगा। सप्ताह के पांचवें दिन मतदाता रैली और विशेष नृत्य और अभिनय की गतिविधि रहेगी जिसका थीम कलर पीला और नारा मताधिकार का प्रयोग करेंगे वोट करेंगे वोट करेंगे होगा। इसी प्रकार छठे दिन महिला रंगोली और महिला मार्च की गतिविधि होगी जिसका थीम कलर नारंगी और नारा वोट करूंगी तभी तो आगे बढ़ूंगी रहेगा। सतरंगी सप्ताह के सातवें दिन मतदान वृक्ष और दीपदान की गतिविधि होगी जिसका थीम कलर लाल और नारा लालच पर होगी चोट, सोच समझ कर करेंगे वोट रहेगा।

वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखा कर भी कर सकेंगे मतदान

कोटा, 11 अप्रेल। लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत मतदान दिवस 26 अप्रेल को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। लोक सभा आम चुनाव 2024 को लेकर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार यदि किसी वोटर का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, लेकिन उसके पास किसी वजह से निर्वाचक फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर मताधिकार का उपयोग कर सकेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता इसे प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

ये हैं वैकल्पिक दस्तावेज-12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

बजरंग नगर में धूमधाम से निकली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

कोटा, 11 अप्रैल। पूज्य सिंधी पंचायत समिति बजरंग नगर द्वारा भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के अवसर पर धूमधाम से बजरंग नगर क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश वीर नाथानी, मंत्री सुरेंद्र झामनानी ने बताया भगवान झूलेलाल का बहराना सहिब विमान के सम्मुख ज्योत प्रज्वलित कर एवं पल्लव, अरदास के साथ, बैंड बाजे और छेज, मंडलियों एवं फूलों की वर्षा के बीच बजरंग नगर स्थित भारत विहार गुरुद्वारा से प्रारंभ हुई। अध्यक्ष भुवनेश बबलानी एवं कोषाध्यक्ष कमल भारती ने बताया प्रेम भाटिया वरिष्ठ समाजसेवी एवं डॉ. कमल थदानी ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया।

शोभा यात्रा में अमर शहीद हेमू कलानी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भगवान झूलेलाल की झांकी को सजाया गया। घोड़ो, हाथियों से शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पीले वस्त्रो में सुसज्जित महिलाएं वाहन रैली पर सवार होकर 'आओ लाल - झूलेलाल' के नारों से वातावरण को गूंजयमान कर दिया।

शोभायात्रा में जगह-जगह आतिशबाजी एवं फूलों की वर्षा एवं विभिन्न तरह के प्रसाद शीतल शरबत, ठंडाई, मीठे चावल(तहिरी) मूंग,दाल-पकवान, कचोरी, समोसे बँटकर कई स्थानो पर गगनचुंबी नारो से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पुरुष सफेद कुर्ते पजामे में एवं महिलाएं एक ही पोशाक में नाचते -गाते दिखाई दिए।शोभायात्रा श्री राम भारत विहार गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर गुलाब बाग राजेंद्र विहार, कृष्णा नगर, बजरंग नगर मुख्य मार्ग, आदित्य आवास, अटवाल नगर, त्रिवेणी आवास, रॉयल सिटी, नम्रता आवास, आनंद विहार, स्वामी हरचु राम धाम नम्रता आवास पर पहुँची। यहां पर आम भंडारे का आयोजन भी किया गया।बहराना साहब का सतेश्वर महादेव स्थित सिंधु घाट पर भगवान झूलेलाल की महाआरती की गई साथ ही भव्य आतिशबाजी का आयोजन भी किया गया। शोभायात्रा में मूलचंद तलरेजा, हासानंद चावला, जगदीश हरचंदानी, राजेश दयानी, सतीश कुंडनानी, तीर्थदास रिझवानी, दिलीप फेरवानी, आत्माराम बोधिजनी, लक्मन झमतानी, प्रिया भारती, काजल तालरेजा, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने शोभायात्रा में शामिल हुए।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में हुआ रोड शो

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में पटेल मार्ग, मीरा मार्ग, मध्यम मार्ग मानसरोवर में रोड शो भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सांगानेर विधासभा के संयोजक रूपनारायण जेदिया योगाचार्य के नेतृत्व में हुआ। जेदिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा का साफा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। जेदिया ने कहा कि मंजू शर्मा के पिता भंवरलाल शर्मा पूर्व कैबीनेट मंत्री रह चुके हैं। महापौर नगर निगम डॉ. सौम्या गुर्जर, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा व वरिष्ठ नेता प्रकाश तिवाड़ी का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में उषा चतुर्वेदी, देवीनारायण जेदिया, सुमेर सिंह जेदिया, खुशबू जेदिया, ज्योतिनिधी जेदिया, डॉ. सरोज शर्मा आदि उपस्थित रहे। भाजपा नेता राधेश्याम उपाध्याय, प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक यादव का सम्मान किया गया। वहीं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सांगानेर विधासभा के संयोजक रूपनारायण जेदिया योगाचार्य ने रोड शो को सफल बनाने के लिए जागरूक जनता व देव तुल्य पार्टी कार्यकर्ता बंधुओं को धन्यवाद दिया।

वृन्दा गार्डन्स वासियों ने मनाया चेटीचण्ड

जयपुर, 11 अप्रैल। जयपुर के जगतपुरा स्थित आशियाना वृन्दा गार्डन्स वासियों ने कल यहां के क्लब हॉउस में चेटीचण्ड, नववर्ष और भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम शाम 6बजे प्रारंभ हुआ जिसमें राजापार्क की मोतिलाल एन्ड पार्टी के कलाकारों ने झूलेलाल, राधाकृष्ण,भगवान श्रीराम एवं भोलेशंकर के गीत व भजन गाकर समां ऐसा बांधा कि लोग शुरू से अंत तक झूमते रहे और अरदास/पल्लव से समापन किया। फिर सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रवक्ता अनिल मोटानी ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ एसके लोहानी खालिस ने भगवान झूलेलाल के अवतरण के विषय में जानकारी दी कि सिंधी लोग जलमार्गों से व्यापार करते थे,इसलिए वे वरुण देवता को अपना सबकुछ मानते थे। सिंध प्रांत के ठट्ठा शहर में जब शासक मिरखशाह के अत्याचार बढ़ने लगे तो लोगों ने सिंधु नदी के किनारे 40 दिन तक पुकार लगाई। तब वरुण देवता मत्स्य पर सवार होकर आए और बोले मैं जल्द नसरपुर के ठाकुर रतनरॉय व माता देवकी के यहां जन्म लूंगा। यही हुआ और भगवान झूलेलाल को मरवाने के मिरखशाह ने कई उपाय किए पर सफल नहीं हुआ, उल्टे उसके खेत-खलिहान जल गए और वो भगवान के चरणों में आकर गिर पड़ा। इस तरह उसके अत्याचारों का अंत हुआ। फिर डॉ लोहानी ने अपनी लिखी सिंधी कविता 'मा त खुद भारत आहियां' सुनाई जिसको काफ़ी सराहा गया।

ईसर गणगौर की पूजन के दौरान महिलाओं व बालिकाओं द्वारा मेहंदी रस्म का किया आयोजन

बांसखोह, 11 अप्रैल। कस्बा स्थित चौपड़ में पास ईसर गणगौर की महिलाओं व बालिकाओं के द्वारा होली के दिन से ही 16 दिन तक ईसर गणगौर का पूजन किया जाता है। इसके लिए मंगलवार को भी महिलाए व बालिकाओं द्वारा गणगौर पूजन के बाद मेहंदी रस्म का कार्यक्रम किया।

इस मौके पर महिलाओं व बालिकाओं ने मेंहदी रस्म के दौरान गणगौर पर्व पर नाचते गाते हुए नजर आई। इस दौरान 16 दिन तक कुंवारी कन्याएं अच्छे वर प्राप्ति के लिए तथा नव विवाहिताएं सुखद एवं सफल दाम्पत्य जीवन के लिए पीहर में ही ईसर गणगौर की पूजा करती है। वहीं भगवान शिव की ईसर के रूप में तथा गणगौर की पूजा मां गौरी पार्वती के रूप में की जाती है।

यहां गणगौर पर प्रतिदिन महिलाएं व बालिकाएं जल स्त्रोतों से कलशो में जल भरकर के मंगल गीत गाते हुए पूजन स्थल पर पहुंचती है और पूजन स्थल पहुंचकर परंपरागत और विधि-विधान से ईसर और गणगौर का पूजन कर रही है। इस मौके पर अल्का सांभरिया, तनिष्का खंडेलवाल, मोना डंगायच, नेहा, कोमल, अन्नू सोनी, शीला, इंद्रा, आदि महिलाएं व बालिकाएं मौजूद थी इस मौके पर काफी उत्साह दिखाई दिया।

वाया भरतपुर, हिसार-हावड़ा के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन

कोटा, 11 अप्रैल। रेल प्रशासन द्वारा सीजन में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से भरतपुर होकर गाड़ी सं 03007/03008 हावड़ा-हिसार-हावड़ा के मध्य स्पेशल ट्रेन को एक ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। जिससे यात्रियों को सीजन में अग्रिम आरक्षण का लाभ एवं भीड़ से राहत मिल सके। इस स्पेशल गाड़ी में 01 सैकण्ड क्लास एसी, 05 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 02 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे।

गाड़ी संख्या 03007 हावड़ा-हिसार स्पेशल दिनांक 15 अप्रैल सोमवार को हावड़ा से रात 23.00 बजे रवाना होकर बुधवार दोपहर 14.50 बजे हिसार पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 03008 हिसार-हावड़ा स्पेशल शुक्रवार दिनांक 19 अप्रैल को हिसार से रात 22.00 बजे रवाना होकर शनिवार दिनांक 21 अप्रैल को को 19.30 बजे हावडा पहुँचेगी। गाड़ी के हाल्ट - यह गाड़ी दोनों दिशाओं में हिसार-हावड़ा के मध्य बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, इटावा, शमशाबाद टाउन, आगराकैंट, अछनेरा, भरतपुर , बांदीकुई, जयपुर, रींगस, सीकर, झुंझुनू, लोहारू व सादुलपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए विज्ञापनों का अधिप्रमाणन जरूरी

कोटा, 11 अप्रेल। लोकसभा चुनाव के अंतर्गत राजनैतिक/प्रचारात्मक विज्ञापनों के लिए अधिप्रमाणन की व्यवस्था की गई है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के तहत टी.वी. चैनल्स एवं केबल नेटवर्क पर राजनैतिक दल, संस्था, प्रत्याशी द्वारा प्रसारण के लिए जारी होने वाले सभी विज्ञापन, गठित समिति द्वारा जारी होने से पूर्व प्रमाणित होंगे। समाचार पत्रों में मतदान दिवस एवं इसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों का भी अधिप्रमाणन कराना आवश्यक होगा। अन्य दिनों में समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों में भी अभ्यर्थी की सहमति आवश्यक होगी।

इलेक्ट्रोनिक मीडिया विज्ञापन में टीवी चैनल्स, केबल के साथ रेडियो, एफएम चैनल्स, सिनेमा घरों में प्रसारित राजनीतिक विज्ञापनों को भी जोड़ा गया है। साथ ही, जन सभाओं एवं सार्वजनिक स्थान पर दृश्य श्रव्य सामग्री ऑडियो विजुअल भी अधिप्रमाणित होंगे। बल्क एसएमएस तथा ई-पेपर में जारी किए जा रहे राजनीतिक विज्ञापनों का भी अधिप्रमाणन किया जाएगा।

अधिप्रमाणन के मुख्य बिन्दु-किसी भी इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर ऐसा विज्ञापन प्रसारित नहीं होना चाहिए, जो राष्ट्र की विधि संहिता के संगत ना हो। जो नैतिकता, शिष्टता के विरुद्ध हो, भडकाऊ प्रकृति का हो। विज्ञापन धर्म, जाति, वर्ग से संबंधित नहीं हो, जिसमें अपराध, हिंसा आदि को बढ़ावा नहीं दिया जावे। एमसीएमसी द्वारा अधिप्रमाणन हेतु आवेदन कर रहे राजनैतिक दल को यह अवगत कराना होगा कि विज्ञापन आदर्श आचार संहिता के अनुकूल है।

किसी अन्य राजनैतिक दल या प्रत्याशी के विरोध में विज्ञापन अनुमत नही किये जाएंगे क्योंकि इससे दूसरे राजनैतिक दल या प्रत्याशी को लाभ पहुंचता है।

विज्ञापनो की अधिप्रमाणन प्रक्रिया-निर्धारित आवेदन प्रपत्र अनुलग्नक 'अ' के साथ आवश्यक दस्तावेज 2 प्रतियों में सभी सूचनाएं भरकर एमसीएमसी को प्रस्तुत करने होंगे। अनुलग्नक 'ब' में प्रमाणित प्रतिलिप्यांतरण के साथ अनुमोदित होने के उपरान्त विज्ञापन/फिल्म/जिंगल आदि के रूप में प्रसारित किए जा सकेंगे। विज्ञापन निर्माण लागत, विभिन्न चैनल्स आदि पर प्रसारण की लागत, यदि किसी व्यक्ति द्वारा जारी कराया जा रहा है तो शपथ-पत्र, विज्ञापन प्रत्याशी या दल के चुनावी संभावनाओं एवं हित हेतु जारी किया जा रहा है। देय भुगतान के संबंध में सूचना देनी होगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राजनीतिक दल, पंजीकृत राष्ट्रीय, राजकीय, राजनीतिक दल प्रसारण हेतु प्रस्तावित दिनांक से कम से कम तीन दिवस पूर्व आवेदन देना होगा जबकि अन्य संस्थाओं के विज्ञापन आवेदन सात दिवस पूर्व जमा कराने होंगे।

वीडियो वेन की अनुमति सीईओ स्तर पर-चुनाव के दौरान राजनीतिक प्रचार के लिए वीडियो वेन की अनुमति मुख्य निर्वाचन अधिकरी राजस्थान जयपुर के स्तर से लेनी होगी।

kotak कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

आस्ति की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी-27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा(ई), मुंबई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400051 शाखा कार्यालय : प्रथम तल, 232-233, एसडीसी टावर, निकट आम्रपाली सर्किल, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर-302021

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के साथ पठित नियम 9(1)के परंतुक के तहत अचल आस्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि बजाज हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (बीएचएफएल) द्वारा **कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड** के पक्ष में ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में, प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, केएमबीएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **15-07-2022** को प्राप्त किया जा चुका है, **1. श्री मुकेश पटेल पुत्र श्री मगन भाई पटेल एवं 2. श्रीमती सोनल पटेल पत्नी श्री मुकेश भाई पटेल** द्वारा केएमबीएल, प्रतिभूत लेनदार को **ऋण खाता सं. T63RHB95912807 एवं T63RHT99200059** में **09-04-2024** तक देय बकाया राशि रू. **25,72,074/- (रूपए पच्चीस लाख बहत्तर हजार चौहत्तर मात्र) + 10-04-2024** से वसूली तक भावी ब्याज और लागतों, प्रभारों सहित की वसूली के लिए दिनांक **29-04-2024** को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक के बीच 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। **सुरक्षित मूल्य** रू. 8,00,000/- (रूपए आठ लाख मात्र) तथा **धरोहर राशि जमा** रू. 80,000/- (रूपए अस्सी हजार मात्र) होगी तथा केवाईसी सहित ईएमडी जमा की अंतिम तिथि **27-04-2024** अप. 6.00 बजे (आईएसटी) तक है। **सम्पत्ति का वर्णन** :-सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 413, चतुर्थ तल, रॉयल कोर्ट, टावर 7, खसरा नंबर 1205 तथा 1206, ग्राम पेपली, तहसील बेहरोड़, नीमराणा, अलवर-301701. कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। सर्वसाधारण और विशेष रूप से कर्जदार ध्यान दें कि यदि उक्त नीलामी किसी भी कारण से असफल होजाती है तो प्रतिभूत लेनदार स्वयं के विवेकानुसार प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बिक्री द्वारा प्रतिभूति हित प्रवर्तित कर सकता है। बिक्री, के संबंध मे किसी स्पष्टीकरण/अपेक्षा के लिए बोलीदाता **श्री रवीन्द्र सिंह गोदरा (+91 9983999074) सुश्री लक्ष्मी चौधरी (+91 7412032966), श्री अक्षत सोलंकी (+91 7302111608) एवं श्री राजेन्द्र दहिया (+91 8448264515)** से सम्पर्क करें। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया कोटक महिन्द्रा बैंक वेबसाइट www.kotak.com तथा/अथवा http://bankauctions.in में उपलब्ध कराया गया लिंक https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html देखें।

स्थान : अलवर, तिथि : 11-04-2024 वास्ते कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, प्राधिकृत अधिकारी